ignou
THE PEOPLE'S
UNIVERSITY

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
विज्ञान विद्यापीठ

बीबीसीसीएल-116
मानव शरीरक्रिया विज्ञान

प्रयोगशाला

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त
विश्वविद्यालय
विज्ञान विद्यापीठ

मानव शरीरक्रिया विज्ञान प्रयोगशाला

प्रयोग 1
रक्त संग्रह, प्रसंस्करण और रक्त भंडारण के तरीके 5

प्रयोग 2
कुल लाल रक्त कोशिकाओं और श्वेत रक्त कोशिकाओं
की गणना 12

प्रयोग 3
विभेदक श्वेत रक्त कोशिकाओं की गणना 23

प्रयोग 4
रक्त थक्का का समय मापन 29

प्रयोग 5
रक्त में हीमोग्लोबिन मात्रा का निर्धारण 32

प्रयोग 6
एल्ब्यूमिन और ग्लोब्युलिन अनुपात का निर्धारण 36

प्रयोग 7
पी.एच. स्ट्रिप्स द्वारा मूत्र पीएच का निर्धारण 42

प्रयोग 8
रक्तचाप और पल्स दर का मापन 45

प्रयोग 9
संयोजी ऊतकों, यकृत और रीढ़ की हड्डी के हिस्टोलॉजिकल
स्लाइड्स का अध्ययन 52

कार्यक्रम एवं पाठ्यक्रम अभिकल्प समिति

आचार्य बेचैन शर्मा
जैवरसायन विभाग,
इलाहाबाद विश्वविद्यालय

आचार्य रीना गुप्ता
जैव प्रौद्योगिकी विभाग;
एच.पी. विश्वविद्यालय, शिमला

आचार्य डी.वी. देवराज
जैवरसायन विभाग;
बंगलौर विश्वविद्यालय

आचार्य संजीव पुरी
जैवचिकित्सकीय विभाग,
यू.आई.ई.टी.,
पंजाब विश्वविद्यालय

डॉ. सुनीता जोशी
जैवरसायन विभाग, दौलत राम
कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय

आचार्य रंजीत किशोर मिश्रा
जैवरसायन विभाग,
लखनऊ विश्वविद्यालय

आचार्य सिमी फरहत बशीर
जैवविज्ञान विभाग, जामिया मिलिया
इस्लामिया विश्वविद्याालय

संकाय सदस्य विज्ञान विद्यापीठ,

आचार्य विजयश्री
पूर्व निदेशक, विज्ञान विद्यापीठ,
इग्नू, नई दिल्ली–110068

डॉ. परवेश बब्बर
उपाचार्य, जैव रसायन, इग्नू

डॉ. एम.अब्दुल करीम
सह आचार्य, जैव रसायन, इग्नू

डॉ. अरविंद कुमार शाक्य
सह आचार्य, जैव रसायन, इग्नू

डॉ. मनीषा पाण्डेय
सह आचार्य, जैव रसायन, इग्नू

डॉ. सीमा कालड़ा
सह आचार्य, जैव रसायन, इग्नू

पाठ्यक्रम लेखक समिति

पाठ्यक्रम संपादक
प्रो. सरिता कुमार
जूलॉजी विभाग,
आचार्य नरेंद्र देव कॉलेज, दिल्ली
विश्वविद्यालय, दिल्ली–110007

लेखक
डॉ. अरविंद कुमार शाक्य **(सभी प्रयोगः 1–9)**
सह आचार्य, जैव रसायन विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू

पाठ्यक्रम समन्वयक : **डॉ. अरविंद कुमार शाक्य (arvind.kumar@ignou.ac.in)**

पाठक्रम हिंदी अनुवाद : डॉ. अरविंद कुमार शाक्य जैव रसायन, विज्ञान विद्यापीठ, इग्नू

सामग्री मुद्रण दल

श्री हेमंत कुमार
एमपीडीडी इग्नू

आभारः सीआरसी और वर्ड प्रोसेसिंग के लिए श्री सुमित वर्मा और श्री दीपक

जून, 2022

© इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय, 2022

ISBN: XXXXXXXXXXXX

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस मॉड्यूल में वेब–आधारित संसाधनों से अनुकूलित किसी भी सामग्री का उपयोग केवल शैक्षिक उद्देश्यों के लिए किया जा रहा है, न कि व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक के किसी भी अंश को मिमियोग्राफ अथवा किसी अन्य साधन द्वारा पुनः प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों के विषय में अधिक जानकारी विश्वविद्यालय के मैदान गढ़ी, नई दिल्ली स्थित कार्यालय और इग्नू वेब साइट www.ignou.ac.in से प्राप्त की जा सकती है।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की ओर से कुलसचिव सामग्री निर्माण एवं वितरण प्रभाग द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित।
मैसर्स

बीबीसीसीएल–116: मानव शरीरक्रिया विज्ञान प्रयोगशाला

प्रिय शिक्षार्थियों, मानव शरीरक्रिया विज्ञान (बीबीसीसीएल–116) के प्रयोगशाला पाठ्यक्रम में आपका स्वागत है। इस मैनुअल में दिए गए प्रयोगशाला प्रयोग बीबीसीसीटी–115 के सैद्धांतिक पाठ्यक्रम पर आधारित हैं जिसका आपने अध्ययन किया है। यह प्रयोगशाला पाठ्यक्रम 2 क्रेडिट का है और इसमें नौ प्रयोगशाला प्रयोग शामिल हैं। प्रयोगों को इस तरह से डिजाइन किया गया है कि आप अब तक बताई गई मानव शरीरक्रिया विज्ञान की सैद्धांतिक अवधारणाओं को समझने में सक्षम होंगे। यहां उन मूलभूत अवधारणाओं पर भी चर्चा की गई है जिन पर प्रयोगात्मक प्रक्रियाएं आधारित हैं। यह प्रयोगशाला पाठ्यक्रम आपको ''प्रयोगशाला अनुभव'' प्रदान करेगा जो आपको मानव शरीरक्रिया विज्ञान पाठ्यक्रम में शामिल कुछ विषयों को बेहतर ढंग से समझने में मदद करेगा, साथ ही साथ आपकी वैज्ञानिक सोच, अवलोकन क्षमता और व्यावहारिक कौशल में सुधार करेगा। प्रत्येक व्यावहारिक अभ्यास प्रयोग के ' प्रस्तावना' से शुरू होता है, ताकि प्रयोग के महत्व को पहले से पूरी तरह से समझा जा सके। प्रयोग में सिद्धांत और प्रासंगिकता पर चर्चा की गई है प्रयोग कार्यविधि को विस्तार से समझाया गया है, जिसमें परिणाम , अवलोकन और परिणामों की गणना करना शामिल है। प्रत्येक व्यावहारिक अभ्यास में प्रयोग करते समय बरती जाने वाली सावधानियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है।

प्रयोगों का विवरणः

प्रयोग 1: पहला प्रयोगशाला प्रयोग रक्त संग्रह, रक्त नमूने के प्रसंस्करण और भंडारण के साथ शुरू होता हैं

प्रयोग 2: लाल रक्त कोशिकाओं और श्वेत रक्त कोशिकाओं की मैन्युअल गणना देता हैं।

प्रयोग 3: विभेदक श्वेतकोशिका गणना से संबंधित हैं।

प्रयोग 4: में रक्त थक्का समय मापन (क्लॉटिंग टाइम) की विधि पर चर्चा की गई हैं।

प्रयोग 5: रक्त में हीमोग्लोबिन मात्रा का आकलन के बारे में हैं।

प्रयोग 6: यह प्रयोगशाला अभ्यास एल्ब्यूमिन और ग्लोब्युलिन के अनुपात के निर्धारण के लिए एक विस्तृत कार्यविधि पर चर्चा करता है

प्रयोग 7: पीएच स्ट्रिप्स द्वारा मूत्र पीएच के निर्धारण से संबंधित हैं।

प्रयोग 8: यह अभ्यास रक्तचाप और नाड़ी दर को मापने के बारे में हैं।

प्रयोग 9: संयोजी ऊतकों, यकृत और रीढ़ की हड्डी के ऊतकीय स्लाइडों के अध्ययन के बारे में हैं।

संभावित अध्ययन परिणाम :

इस प्रयोगशाला पाठ्यक्रम का व्यापक उद्देश्य है कि आप :

- केशिका या शिरा से रक्त नमूना को एकत्र कर सकेगें;
- रक्त नमूना की प्रक्रिया जानकर और भंडारण कर सकेगें;
- हिमोसाइटोमीटर का उपयोग करके कुल RBC और WBC की गणना के लिए रक्त नमूना कोतैयार कर सकेगें;
- विभेदक श्वेतकोशिका काउंट करेंगें;
- रक्त थक्का जमने का समय ज्ञात कर सकेगें;
- रक्त के नमूने में हीमोग्लोबिन की मात्रा का निर्धारण कर सकेगें;
- एल्ब्यूमिन और ग्लोब्युलिन का अनुपात ज्ञात कर सकेगें;
- पीएच पट्टी द्वारा मूत्र पीएच का निर्धारण कर सकेगें ;
- मानव ऊतकों की स्थायी स्लाइड का अध्ययन करेंगें;
- प्रयोग करने के बाद अवलोकन और परिणामों का विश्लेषण कर सकेगें ।

अध्ययन गाइड

व्यावहारिक सत्रों में भाग लेने से पहले, हम सलाह देते हैं कि आप सैद्धांतिक पाठ्यक्रम BBCCT–115 इकाइयों को पढ़ लें। इससे आपके लिए प्रयोगों के उद्देश्य और उनके अनुप्रयोगों को समझना आसान हो जाएगा। प्रयोग शुरू करने से पहले, आपको इस प्रयोगशाला पाठ्यक्रम में प्रत्येक प्रयोग के सिद्धांतों और प्रक्रियाओं को पढ़ना चाहिए। सभी अभिकर्मकों को ताजा बनाना और उन्हें नियंत्रित परिस्थितियों में संग्रहीत करना हमेशा एक अच्छा विचार है। अभिकर्मकों को संभालते समय, सभी सुरक्षा सावधानियों का पालन करें और सुरक्षा निर्देशों का पालन करें। अपनी लॉग बुक को अद्यतित रखना, यानी प्रयोग करते समय किए गए अवलोकनों को दर्ज करना, सर्वोत्तम प्रयोगशाला प्रथाओं में से एक है। प्रयोगशाला सत्रों के दौरान, इस प्रयोगशाला मैनुअल और अपनी लॉग बुक को अपने पास रखें। यह अन्य सभी इग्नू प्रयोगशाला पाठ्यक्रमों की तरह एक गहन प्रयोगशाला अभ्यास है, जिसमें दो क्रेडिट पूरे करने के लिए एक सप्ताह की आवश्यकता होती है।

प्रत्येक प्रायोगिक सत्र में आपको 3 घंटे अभ्यास करना होगा और शेष 1 घंटे में आपको अपनी व्यावहारिक नोटबुक को पूरा करने की सलाह दी जाती है। सुधार और ग्रेडिंग के लिए प्रयोगशाला नोटबुक परामर्शदाता को प्रस्तुत की जानी चाहिए। प्रयोगों को करने और इसे ठीक से रिकॉर्ड करने के लिए 70% अंक आवंटित किए गए हैं। आप जानते हैं कि आपके पास प्रयोगशाला कार्य, सीमित समय अवधि तक होगें इसलिए, आपके के लिये आवश्यक है कि किसी भी प्रयोगशाला सत्र को छोङना नहीं है। यानी आपको सभी प्रयोगशाला सत्र में उपस्थित होना है।

प्रयोगों के मूल्यांकन को वर्गीकृत किया जाएगा और आपको व्यावहारिक सत्र के अंत में मौखिक परीक्षा के लिए उपस्थित होना होगा। प्रयोगशाला सत्र के अंत में आपको सौंपे गए प्रयोग को करना चाहिए, जिसे वर्गीकृत किया जाएगा और प्रयोगशाला सत्रों के दौरान निरंतर प्रदर्शन, लॉग बुक और रिकॉर्ड के रखरखाव के बाद मौखिक मूल्यांकन के आधार पर अंतिम मूल्यांकन किया जाएगा। निर्दिष्ट प्रयोगों के लिए 30% अंक हैं। प्रयोगशाला उपकरण का उपयोग कैसे करें, इसकी बेहतर समझ के लिए कुछ वीडियो लिंक प्रदान किए जाएंगे। इस स्व–निर्देशात्मक सामग्री में दी गई प्रक्रिया की तुलना में वीडियो में बताए जा रहे चरणों या प्रक्रिया में थोड़ा अंतर हो सकता है। हालांकि, सिद्धांत और अभिकर्मक समान रहते हैं। इसलिए, प्रक्रिया में अपनाए गए मामूली संशोधनों के बारे में चिंता करने की कोई आवश्यकता नहीं है।

शुभकामनाएं!!

महत्वपूर्ण जानकारी

- **आमतौर पर अध्ययन केंद्र में आयोजित प्रयोगशाला पाठ्यक्रम कार्य में आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।**
- प्रयोगशाला पाठ्यक्रम 7 दिनों की अवधि में पूरा करने के लिए 2 क्रेडिट का है:
  - **निर्देशित प्रयोगशाला कार्य के 6 दिन**
  - **अमार्गदर्शित प्रयोगशाला कार्य के लिए 1 दिन**

प्रयोगशाला पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आपको निर्देशित और अमार्गदर्शित घटकों में अलग–अलग (कम से कम 35% अंक) उत्तीर्ण करने होंगे।



प्रयोग 1

रक्त संग्रह, प्रसंस्करण और रक्त भंडारण के तरीके

प्रयोग की रूपरेखा

1.1 प्रस्तावना

संभावित अध्ययन परिणाम

1.2 सिद्धांत

1.3 केशिका रक्त संग्रह

आवश्यक सामग्री

कार्यविधि

सावधानियां

1.4 शिरापरक रक्त संग्रह

आवश्यक सामग्री

कार्यविधि

सावधानियां

1.5 रक्त का प्रसंस्करण और भंडारण

1.6 सावधानियां

1.7 अंत में कुछ प्रश्न

1.1 प्रस्तावना

यह अभ्यास रुधिर विज्ञान से संबंधित है। ग्रीक में, हेमेटोलॉजी शब्द *में हैमा* का अर्थ रक्त और लॉगो का अर्थ है अध्ययन। अतः रुधिर विज्ञान मुख्य रूप से रक्त और रक्त घटकों के अध्ययन से संबंधित है। आपने इकाई 2 में रक्त संरचना, रक्त घटकों और रक्त स्कंदन का अध्ययन किया है।

रक्त एक जैविक नमूना है जो आमतौर पर नैदानिक जांच के लिए उपयोग किया जाता है। रक्त और रक्त घटकों के जैव रासायनिक विश्लेषण और प्रायोगिक परीक्षण करने से पहले, आपको रक्त के नमूने को कैसे एकत्र, संसाधित और संग्रहीत किया जाए यह सीखना चाहिए ।

इसलिए, इस अभ्यास में, आप रक्त संग्रह, प्रसंस्करण और रक्त के भंडारण के तरीकों को सीखेंगे।

संभावित अध्ययन परिणाम

इस अभ्यास को करने के बाद, आप :

- ❖ केशिका और शिरापरक रक्त का संग्रह कर पायेंगे;
- ❖ रक्त संग्रहण प्रक्रिया को जानेंगे;
- ❖ केशिका और शिरा से रक्त ले सकेंगे;
- ❖ रक्त नमूने का प्रसंस्करण और भंडारण कर सकेंगे; और
- ❖ रक्त निकालते समय सावधानियों को सूचीबद्ध कर सकेंगे।

1.2 सिद्धांत

रक्त संग्रह विषय से रक्त निकालने की एक विधि है। इसमें दो विधियाँ शामिल हैं : 1. **केशिका रक्त संग्रह और 2. शिरापरक रक्त संग्रह।** हेमेटोलॉजिकल अध्ययन के लिए रक्त के नमूने के संग्रह के लिए ये सामान्य तरीके हैं। केशिका विधि में, त्वचा को वेधन करके उंगलियों से रक्त एकत्र किया जाता है। शिरापरक रक्त संग्रह विधि में, एक विसंक्रमति सिरिंज की सहायता से हाथ की शिरापरक शिरा से रक्त लिया जाता है।

1.3 केशिका रक्त संग्रह

केशिका रक्त संग्रह के लिए फिंगरटिप आम स्थान है। सुई या लैंसेट की सहायता से टिप के पार्श्व भाग को वेधन करके उंगलियों से रक्त प्राप्त किया जाता है। इसका उपयोग रक्त आलेप, कोशिका गणना और हीमेटोक्रिट पैक कोशिका आयतन (PCV) बनाने के लिए कम मात्रा में रक्त नमूने को इकट्ठा करने के लिए किया जाता है।

1.3.1 आवश्यक सामग्री

- केशिका नली
- दस्ताने
- डिस्पोजेबल और विसंक्रमति सुई
- 70% एल्कोहल
- पट्टी और रूई
- डस्टविन

1.3.2 कार्यविधि

1. दस्ताने पहनें और रक्त के लिए उपयुक्त विषय की उंगलियों का चयन करें।

2. रूई कपास का उपयोग करके 70% अल्कोहल के साथ **उंगलियों की त्वचा को साफ करें और इसे सूखने दें।**

3. **उंगली** को मजबूती से पकड़ें और रक्त का अच्छा प्रवाह प्राप्त करने के लिए एक डिस्पोजेबल लैंसेट की मदद से **चयनित जगह** पर एक शीध्रता से वेधन करें ।

4. किसी भी ऊतक द्रव या मलबे को हटाने के लिए रक्त की पहली बूंद रूई से साफ करें।

5. वेधन स्थल से रक्त को धीरे–धीरे बहने दें ।

6. केपिलरी (केशिका) ट्यूब के साथ तेजी से रक्त एकत्र करें और प्रयोगशाला अध्ययन के लिए तुरंत रक्त के नमूने का उपयोग करें।

7. रक्त का नमूना एकत्र करने के बाद, व्यक्ति को एक रूई को वेधन साइट पर तब तक रखने के लिए दें जब तक रक्तस्राव बंद न हो जाए।

8. दस्ताने उतारें और हाथ धो लें।

चित्र 1.1 : लैंसेट के साथ उगंली वेधन।

1.3.3 सावधानियां

1. रक्त का नमूना लेते समय हमेशा लैब कोट और दस्ताने पहन कर रखें।
2. वेधन साइट उगंली को बहुत कसकर न पकड़े क्योंकि इससे नमूना पतला हो सकता है।
3. रक्त के नमूने और वेधन स्थल को छूने से बचें।
4. वेधन की गहराई 1.5 मिमी से कम होनी चाहिए।
5. केशिका रक्त संग्रह के लिए हाथ की मध्यमा या अनामिका का प्रयोग करें।
6. नुकीले सिरे को कभी न छुएं।
7. हमेशा डिस्पोजेबल दस्ताने और डिस्पोजेबल लैंसेट का उपयोग करें।

1.4 शिरापरक रक्त संग्रह

रक्त आमतौर पर **एंटेक्यूबिटल शिरा** या किसी अन्य शिरा से निकाला जाता है जो कि प्रकोष्ठ या कलाई पर अच्छी तरह से पहचाना जाता है। बड़ी मात्रा में रक्त नमूना लेने का सामान्य तरीका **प्रकोष्ठ की नस से होता** है क्योंकि **नसें** बड़ी और **आसानी** से सुलभ होती हैं। रक्त लेने से पहले, व्यक्ति को यह तय करना होगा कि कितना रक्त नमूना लिया जाना है।

Blood Collection Material

1.4.1 आवश्यक सामग्री

- डिस्पोजेबल सिरिंज और सुई
- संग्रह ट्यूब
- टूनिकेट
- रूई
- 70% एल्कोहल
- दस्ताने
- प्लास्टिक कंटेनर

YouTube Watch a video: Phlebotomy: Multi-Sample (Straight Stick) Needle System.

Venous Blood collection

https://www.youtube.com/wathc?v=7pdgcnY

1.4.2 कार्यविधि

1. रक्त संग्रह के लिए आवश्यक सभी सामग्री एकत्र करें।
2. अपने हाथों को साबुन और पानी से अच्छी तरह धोएं और **डिस्पोजेबल दस्ताने** पहनें।
3. जिस संग्रह ट्यूब में रक्त एकत्र किया जाएगा, उस व्यक्ति का (व्यक्ति का) नाम लिखें।
4. व्यक्ति को हथेली को ऊपर की ओर रखते हुए कुर्सी पर बैठने के लिए कहें (सुपरिनेशन पोजीशन)।
5. नस की पहचान फोवह की कलाई पर करें और यदि आवश्यक हो, तो वेनिपंक्चर साइट से 3–4 इंच ऊपर एक टूर्निकेट लगाएं।
6. एल्कोहल में भिगोए हुए एक रूई का उपयोग करके, पहचानी गई नस के आसपास की त्वचा को साफ करें।
7. क्षेत्र को अपने आप सूखने दें। वेनिपंक्चर साइट को साफ करने के बाद, इसे स्पर्श न करें।
8. सिरिंज में सुई को ठीक लगायें। सुई को छुए बिना, जांच लें कि सुई सिरिंज के साथ ठीक से जुड़ी हुई है या नहीं।

9. व्यक्ति की कोहनी को अपने बाएं हाथ से पकड़ें और सुई को ऊपर की ओर और त्वचा की सतह के समानांतर रखें।

10. सुई को मजबूती से धक्का दें और इसे 30°–40° कोण पर रखकर शिरा के केंद्र में डालें ताकि सुई पहले त्वचा में प्रवेश करे और फिर नस 1–1.5 सेमी की गहराई तक (चित्र 1.2)।

11. सिरिंज बैरल को एक हाथ से पकड़ें, और यदि सिरिंज के हब में रक्त दिखाई देता है, तो सुई सफलतापूर्वक नस में प्रवेश कर गई है।

12. आवश्यक मात्रा में रक्त के साथ सिरिंज को भरें।

13. सावधानीपूर्वक शिराओं से सुई निकालें। टूर्निकेट को बाँह से हटा दें।

14. सुई को हटाने के बाद, त्वचा के रक्त स्थल पर 3–5 मिनट के लिए या रक्तस्राव बंद होने तक एक रूई लगाये।

15. सुई निकालें और धीरे से रक्त को निर्दिष्ट कंटेनर या ट्यूब में एंटीकायगुलेंट युक्त स्थानांतरित करें।

16. इस्तेमाल के बाद इस्तेमाल की गई सुई और सीरिंज को तुरंत डिस्पोज कर दें। उपयोग के बाद, सुइयों को तोड़ा, मुड़ा हुआ या फिर से ढका नहीं जाना चाहिए।

17. उचित निपटान के लिए, इस्तेमाल किए गए स्वैब, सिरिंज और किसी भी अन्य दूषित सामग्री को वेधन–प्रतिरोधी कंटेनर में रखें।

चित्र 1.2 : रक्त का नमूना लेते समय सिरिंज की सुई का कोण (सौजन्यः **MatthewLammers**)।

Watch a Youtube video.

Venous Blood with a Sterile Needle and Syringe https://www.youtube.com/watch?v=gmTj_SFI2fM

1.4.3 सावधानियां

1. रक्त का नमूना लेते समय दस्ताने और लैब कोट पहनें।
2. रक्त संग्रह करने से पहले हमेशा वेधन साइट को साफ करें।
3. रक्त लेने से पहले शिरा ठीक से उभरी हुई और दिखाई देनी चाहिए।
4. नस में सुई डालते समय सुई 30–40° के कोण पर होनी चाहिए।
5. रक्त एकत्र करने के बाद टूर्निकेट को हटा दें।
6. रक्त खींचने के लिए डिस्पोजेबल सुई, सिरिंज और दस्ताने का प्रयोग करें। रक्त के नमूने को सावधानी से संभालें क्योंकि वे संक्रामक रोगों को प्रसारित कर सकते हैं।
7. एसेप्टिक स्थितियों में रक्त के नमूने लेना लीजिए।

1.5 रक्त का प्रसंस्करण और भंडारण

रक्त एकत्र करने के बाद, सीरम को रक्त सेम्पल से अलग करने के लिए सेंट्रीफ्यूगेशन तकनीक द्वारा 3000 rpm पर 15 मिनट सेंट्रीफ्यूज किया जाना चाहिए। सेंट्रीफ्यूजेशन के बाद, सीरम को अपकेंद्रित्र ट्यूब से नई टेस्ट ट्यूब में स्थानांतरित किया जाता है और आगे के प्रायोगिक विश्लेषण के लिए 4°C पर रेफ्रिजरेटर में संग्रहीत किया जाता है।

1.5.1 सावधानियां

1. सेंट्रीफ्यूजेशन प्रक्रिया के दौरान ट्यूब हर समय बंद रहना चाहिए।
2. बंद ट्यूबों को अपकेंद्रित्र में एक ''संतुलित भार'' के रूप में रखें, इस बात का ध्यान रखते हुए कि, ट्यूब धारकों का भार समान होना चाहिए और उनकें भार में अंतर बिल्कुल भी नहीं होना चाहिए। ओपोजिंग ट्यूब होल्डर समान भार वाले नमूनों (समान आकार की ट्यूब और भरण में समान) से भरी हुई होनी चाहिए।
3. यदि नमूनों की एक विषम संख्या सेंट्रीफ्यूज होती है, तो अयुग्मित नमूने के वजन को समान करने के लिए एक ट्यूब में पानी भरें और इसे नमूने के सामने रखें।

1.6 अंत में कुछ प्रश्न

1. सबसे आम रक्त संग्रह के तरीके क्या हैं?
2. रक्त संग्रह करते समय सावधानियों की एक सूची बनाएं।
3. उन उपकरणों के नाम बताइए जिनका उपयोग रक्त को संग्रहित करने और रक्त घटकों को अलग करने के लिए किया जाता है।

आभार

चित्र 1.1 File:Venipuncture using a BD Vacutainer.JPG
https://commons.wikimedia.org/wiki/File:Venipuncture_using_a_BD_Vacutainer.JPG
चित्र 1.2 Angle of syringe needle while taking blood sample (सौजन्य;MatthewLammers.
https://pixabay.com/photos/blood-collection-material-1949542/

https://pixabay.com/photos/blood-collection-material-1949258/



प्रयोग 2

कुल लाल रक्त कोशिकाओं और श्वेत रक्त कोशिकाओं की गणना

प्रयोग की रूपरेखा

2.1 प्रस्तावना

संभावित अध्ययन परिणाम

2.2 कुल लाल रक्त कोशिकाओं गणना

सिद्धांत

आवश्यक सामग्री

क्रियाविधि

2.3 गणना

2.4 कुल श्वेत रक्त कोशिकाओं की गणना

सिद्धांत

आवश्यक सामग्री

क्रियाविधि

2.5 गणना

2.6 परिणाम और अवलोकन

2.7 सावधानियां

2.8 अंत में कुछ प्रश्न

2.1 प्रस्तावना

आप जानते हैं कि लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी) का प्राथमिक कार्य शरीर की कोशिकाओं तक ऑक्सीजन पहुंचाना है, जबकि श्वेत रक्त कोशिकाएं (डब्ल्यूबीसी) हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली का हिस्सा हैं जो हमें संक्रामक एजेंटों से बचाती हैं। अतः इस अभ्यास में। आप सीखेंगे कि किसी व्यक्ति के रक्त के नमूने में कुल RBC और WBC की गणना करने के लिए हीमोसाइटोमीटर का उपयोग कैसे किया जाता है। इस अभ्यास में कुल RBC और WBC की गणना करने के लिए छमनइंनमत कक्ष का उपयोग किया जाएगा। प्रति घन मिलीलीटर रक्त कोशिकाओं की संख्या रक्त कोशिकाओं की गणना के लिए माप की सबसे अधिक इस्तेमाल की जाने वाली इकाई है।

संभावित अध्ययन परिणाम

इस अभ्यास को करने के बाद, आप :

- ❖ आरबीसी पिपेट और डब्ल्यूबीसी पिपेट संभालना सीख सकेंगे;
- ❖ उंगली को चुभोएं और केशिका नली के माध्यम से रक्त एकत्र कर पायेंगे;
- ❖ न्यूबॉयर कक्ष को चार्ज कर पायेंगे;
- ❖ माइक्रोस्कोप के तहत न्यूबॉयर कक्ष के ग्रिड में रक्त कोशिकाओं का निरीक्षण करेंगे; और
- ❖ रक्त में मौजूद कुल RBC और WBC को गिनें और परिकलित कर सकेंगे।

2.2 लाल रक्त कोशिकाओं की गणना

2.2.1 सिद्धांत

रक्त के नमूने में बड़ी संख्या में लाल रक्त कोशिकाएं होती हैं। माइक्रोस्कोप के तहत इतनी बड़ी संख्या में कोशिकाओं की गिनती करना लगभग असंभव है। इसलिए, लोहितकोशिकामापी (हीमोसाइटोमीटर) की मदद से लाल रक्त कोशिकाओं (आरबीसी) की गिनती की जाती है। इस पद्धति में रक्त के नमूने (200 बार) को आरबीसी द्रव के साथ सटीक रूप से तनुकरण करना शामिल है, जिसके लिए रक्त के लिए अधिमानतः हेयम द्रव को आइसोटोनिक होने के कारण का उपयोग किया जाता है।

लाल रक्त कोशिकाओं की कुल संख्या की गणना न्यूबॉयर के कक्ष में गिने जाने वाले रक्त कोशिकाओं की संख्या और तनुकरण कारक से गुणा करके की जाती है।

2.2.2 आवश्यक सामग्री

1. सयुंक्त सूक्ष्मदर्शी
2. हीमोसाइटोमीटर (न्यूबॉयर्स चैम्बर या काउंटिंग चैम्बर और आरबीसी पिपेट)
3. केशिका और नुकीला
4. आरबीसी द्रव (अधिमानतः हेयम द्रव)
5. विसंक्रमति पट्टी और रूई
6. वॉचग्लास
7. कवरस्लिप्स

How To Use a Compound Light Microscope: Biology Lab Tutorial

Watch YouTube :video

c.youtube.www//:https aC2lo=v?watch/om vyo2m

न्यूबॉयर कक्ष की सामान्य विशेषता

न्यूबॉयर का कक्ष एक मोटी कांच की स्लाइड में एक आयताकार कक्ष है (चित्र 2.1)। लंबवत रेखाओं के ग्रिड के साथ, आयताकार कक्ष में एक सटीक आयतन कक्ष होता है।



(a) (b)

चित्र 2.1 : (a) न्यूबॉयर कक्ष (b) न्यूबॉयर कक्ष का खाली ग्रिड (100X)।

न्यूबॉयर चैम्बर (काउंटिंग चेंबर या गणना कक्ष) में कुल 9 वर्ग मिमी का क्षेत्र और गहराई 0.1 मिमी होती है। जब कवरस्लिप को काउंटिंग चेंबर पर रखा जाता है, तो कवर ग्लास और ग्रिड एरिया के आधार के बीच की जगह 0.1 मिमी गहराई में मापी जाती है।

रक्त कोशिकाओं की गिनती या तो केंद्रीय बड़े वर्ग में या कोने के वर्गों में माइक्रोस्कोप के तहत उन्हें देखकर की जा सकती है (चित्र 2.2)।

WBC गणना क्षेत्र : न्यूबॉयर के चौंबर के कोनों पर स्थित चार बड़े वर्ग सफेद रक्त कोशिका की गिनती के लिए उपयोग किए जाते हैं।

RBC गणना क्षेत्र : लाल रक्त कोशिकाओं को केंद्रीय वर्ग के 5 वर्गों में गिना जाता है (25 वर्गों में विभाजित, जिनमें से प्रत्येक को 16 वर्गों में विभाजित किया गया है)। इनमें चार कोने वाले वर्ग और बड़े वर्ग का एक केंद्रीय वर्ग शामिल है।



चित्र 2.2 : न्यूबॉयर कक्ष का ग्रिड क्षेत्र।

RBC पिपेट का उपयोग रक्त नमूने को लेने और रक्त को RBC द्रव्य के साथ मिलाने के लिए किया जाता है। इसमें एक गोल आकार का बल्ब होता है जिसमें रक्त के नमूने और तनु द्रव को मिलाने के लिए लाल मनका होता है (चित्र 2.3)। शीर्ष पर, रक्त नमूने को लेने और द्रव को पतला करने के लिए पिपेट से एक रबर ट्यूब जुड़ी होती है। इसके नीचे दो अंक बिंदु 0.5,1 हैं और शीर्ष पर 101 के रूप में चिन्हित होते है।



चित्र 2.3 : **RBC** पिपेट।

RBC diluting fluid

आरबीसी तनु द्रव (हैम द्रव) की संरचनाः सोडियम क्लोराइड (0.5 ग्राम), सोडियम सल्फेट (2.5 ग्राम), मर्क्यूरिक क्लोराइड (0.25 ग्राम) और आसुत जल (100 mL)।

2.2.3 कार्यविधि

1. अभ्यास स्थल पर साफ और सूखे उपकरण इकट्ठा करें।
2. एक साफ और सूखे वाच ग्लास में पर्याप्त मात्रा में आरबीसी **तनु द्रव** या हेयम द्रव लें।
3. लैंसेट की सहायता से उंगली को चुभयें और बड़ी बूंद उंगली पर जमा होने दें।
4. RBC पिपेट को क्षैतिज रूप से तुरंत पकड़ें और RBC पिपेट स्टेम में 0.5 निशान तक मुख से रक्त खींचे । झूठे परिणामों से बचने के लिए पिपेट के बाहरी सिरे से अतिरिक्त रक्त हटा दें।

5. उसके बाद, RBC तरल **द्रव** को निरंतर खींचते हुए RBC पिपेट स्टेम के 101 निशान तक भरें । सावधानीपूर्वक किसी भी हवा बुलबुले को RBC पिपेट में आने से रोके के लिए सावधान रहें।

6. अपनी हथेलियों के बीच पिपेट (क्षैतिज) घुमाते हुए 2–3 मिनट के लिए RBC पिपेट के बल्ब में रक्त और तरल **द्रव** को मिलाएं।

7. पिपेट अब चार्ज करने के लिए तैयार है। इसे एक क्षैतिज सतह पर तब तक रखें जब तक कि कोशिकाओं की गिनती पूरी न हो जाए।

न्यूबॉयर कक्ष को चार्ज करना

8. कवरस्लिप को न्यूबॉयर के कक्ष के केंद्रीय अंडाकार क्षेत्र पर रखें।

9. अब पिपेट को सावधानी से पकड़ें और घोल को फिर से मिला लें। पिपेट से तरल **द्रव** की पहली 1–2 बूंदों को त्यागें।

10. RBC पिपेट की नोक को लगभग 45° का कोण बनाते हुए कवरस्लिप के किनारे को छूकर न्यूबॉयर कक्ष की सतह पर रखें (चित्र 2.4)।

11. पतला रक्त केशिका क्रिया द्वारा कक्ष में भरने के लिए पिपेट से बहने दें। कक्ष को ओवरचार्ज न करें।

12. चार्ज करने के बाद, कक्षों को 3–5 मिनट के लिए कक्ष में व्यवस्थित होने दें ।



चित्र 2.4 : न्यूबॉयर कक्ष को चार्ज करना।

लाल रक्त कोशिकाओं की गिनती

1. चार्ज किए गए न्यूबॉयर के कक्ष को अवलोकन के लिए माइक्रोस्कोप के मंच पर रखें और सूक्ष्मदर्शी को ठीक समायोजन द्वारा कम आवर्धन (10X) के तहत समायोजित करें। कक्ष में कक्षों के समान वितरण की जाँच करें ।

2. उच्च आवर्धन लेंस (40 X) के तहत RBC वर्गों (न्यूबॉयर कक्ष का केंद्रीय बड़ा वर्ग) पर ध्यान केंद्रित करें।

3. पांच मध्यम आकार के कोने वाले RBC वर्गों (चार कोनों और एक केंद्रीय मध्यम आकार के RBC वर्ग में 1/20 मिमी की तरफ और कुल 80 छोटे वर्ग (16x5 = 80) (चित्र 2.5) में कोशिकाओं की गणना करें।

4. अपनी नोटबुक में RBC की संख्या आरेखित करें।



(a)



(b)

चित्र 2.5 : **(a)** तीर कोशिकाओं की गिनती की दिशा को इंगित करता हैय **(b)** एक मध्यम आरबीसी वर्ग में लाल कोशिकाओं की गिनती का पैटर्न।

2.3 गणना

(i) द्रव कारक की गणना

बल्ब में द्रव की अंतिम मात्रा 100 (101–1 = 100) होती है जिसमें 0.5 मात्रा में रक्त और 99.5 मात्रा में पतला द्रव होता है। इसलिए, तनुकरण कारक 100/0-5 = 200 है।

(ii) 5 RBC वर्गों में द्रव की गणना

अब, कक्ष के अंदर द्रव का आयतन न्यूबॉयर के कक्ष के क्षेत्रफल और गहराई का गुणनफल है।

1. मध्य क्षेत्र 1 वर्ग मिमी है जो 25 भागों में विभाजित है इसलिए क्षेत्रफल 25 वर्ग = 1 वर्ग मिमी . है
2. इन 25 वर्गों में से, RBC को 5 वर्गों में गिना जाता है। इस प्रकार, 5 छोटे वर्गों का क्षेत्रफल 5ध्25 यानी लंबाई में 1/5 मिमी 2 है
3. कक्ष की गहराई = 1/10 मिमी (1/10 =0.1 मिमी)

अतः 5 मध्यम आकार के वर्गों में द्रव का आयतन

= 1/5 मिमी^{2} x 1/10 मिमी = 1/50मिमी^{3}

(iii) कुल आरबीसी की गणना

RBCs की गणना का सूत्र है

= गिने गए कक्षों की संख्या (N) × तनुकरण कारक/क्षेत्र x गहराई

जहाँ,

- लाल रक्त कोशिकाओं की संख्या (N)=?
- कमजोर पड़ने वाला कारक = 200
- 5 छोटे वर्गों का क्षेत्रफल = 5/25 अर्थात 1/5 वर्ग। लंबाई में मिमी
- कक्ष की गहराई = 1/10 मिमी = 0.1 मिमी

कुल आरबीसी/मिमी^{3} = N × 200/(1/5 ×0.1) = N × 200 ×50

= N × **10,000 मिलियन/मिमी^{3}**

उदाहरण के लिए, मान लीजिए, पांच वर्गों में एन या आरबीसी की संख्या 500 है, तो कुल आरबीसी होंगे :

= 500 x 10,000 = 5,000,000 (5.0 मिलियन)

मानव लाल रक्त कोशिकाओं के सामान्य मूल्य :

पुरुष – 4.8–5.5 मिलियन/मिमी^{3}

महिलाएं – 4.5–5 मिलियन/मिमी^{3}

2.4 श्वेत रक्त कोशिकाओं की गणना

2.4.1 सिद्धांत

श्वेत रक्त कोशिकाओं गणना का सिद्धांत मानव रक्त में आरबीसी गणना के समान है। तनु रक्त निलंबन न्यूबॉयर के कक्ष में रखा जाता है और कोशिकाओं को माइक्रोस्कोप के तहत गिना जाता है । चूंकि रक्त के नमूने में डब्ल्यूबीसी की संख्या आरबीसी की तुलना में काफी कम है, इसलिए आरबीसी कारक (1:200) की तुलना में श्वेत रक्त कोशिकाओं का घोल कारक बहुत कम (1:20) है।

2.4.2 आवश्यक सामग्री

1. हीमोसाइटोमीटर (डब्ल्यूबीसी पिपेट (चित्र 2.6) और न्यूबॉयर कक्ष
2. कवरस्लिप्स
3. वॉचग्लास
4. मंदक
5. माइक्रोस्कोप
6. WBC तनु द्रव (Turk's fluid): इसमें ग्लेशियल एसिटिक एसिड (2 mL), जेंटियन वायलेट स्टेन (1 mL), NaCl (0.9 g) और डिस्टिल्ड वॉटर (97 mL) होता है। ग्लेशियल एसिटिक एसिड लाल रक्त कोशिकाओं के विनाश का कारण बनता है, जेंटियन वायलेट ल्यूकोसाइट्स के नाभिक को दाग देता है और आसुत H_2O एक विलायक के रूप में कार्य करता है।



WBC pipette
(Markings: 0.5, 1 and 11
Bulb: Smaller with white bead

चित्र 2.6 : डब्ल्यूबीसी पिपेट।

WBC तनुद्रव

2.4.3 क्रियाविधि

Watch YouTube video on Haematology White Blood Cell Count
c.youtube.www//:https rfJQV6q=v?watch/om Sals

1. अपनी उंगली को चुभोएं और WBC पिपेट की मदद से पंचर साइट से खून इकट्ठा करें। पिपेट को ठीक 0.5 निशान तक भरें। पिपेट को क्षैतिज स्थिति में रखकर रक्त स्तर को बनाए रखना चाहिए।
2. वॉच ग्लास से WBC तनु द्रव्य को ठीक 11 के निशान तक लें और पिपेट टिप को तर्जनी से बंद करके इस स्तर को बनाए रखें।
3. पिपेट के दोनों सिरों को बंद करके, बल्ब की सामग्री को समकोण पर हिलाएं और मिलाएं। पिपेट के अंदर मनका का एक घुमाव घोल को मिला देगा।
4. पिपेट को क्षैतिज स्थिति में रखें।
5. WBC पिपेट में मौजूद द्रव की पहली दो बूंदों को फेंक दें क्योंकि इसमें कोशिकाएँ नहीं होती हैं।
6. आरबीसी गिनती के लिए खंड 2.2 में वर्णित अनुसार कक्ष पर नमूना लोड करें ।
7. आवेशित कक्ष को सूक्ष्मदर्शी के स्तर पर रखें और इसे अवलोकन के लिए कम आवर्धन और उच्च आवर्धन लेंस के नीचे सेट करें।
8. कक्ष के चार कोनों पर WBC वर्गों में कक्षों की गणना करें ।
9. अपने प्रेक्षण को रिकॉर्ड करने के लिए नोटबुक में WBC वर्ग बनाएं।
10. श्वेत रक्त कोशिकाओं की संख्या की गणना करें ।

2.5 गणना

4 WBC वर्गों का क्षेत्रफल = 4 x 1 = 4 mm^3

4 WBC वर्ग का आयतन = 4 x 1/10 = 4/10 mm^3

कमजोर पड़ने वाला कारक = 1:20 (20)

आइए हम 4/10 मिमी में WBC कोशिकाओं पर विचार करें पतला रक्त की मात्रा = n

इसलिए, 1 mm^3 मात्रा में पतला रक्त = n x 10/4 कोशिकाएं 1 mm^3 बिना पतला रक्त की मात्रा

= n x 10/4 x 20 = n x 50 mm^3

WBC की सामान्य संदर्भ सीमा = 4500–11,000 / मिमी^{3}

2.6 परिणाम और अवलोकन

रक्त कोशिकाओं की गिनती करते समय आप निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर अपनी अभ्यास नोटबुक में दर्ज कर सकते हैं।

- क्या RBC और WBC की संख्या सामान्य है या सामान्य से कम है?
- यदि रक्त कोशिकाएं (आरबीसी और डब्ल्यूबीसी) सामान्य सीमा से कम या अधिक हैं तो स्वास्थ्य के परिणाम क्या हैं?

त्रुटियाँ

पाइपिंग त्रुटियों, अशुद्ध माइक्रोस्कोप, चौम्बर वॉल्यूम त्रुटियों और कक्ष में पेश किए गए नमूने की मात्रा आदि त्रुटियों के कारण RBC और WBC की गणना के दौरान लगभग 20–30% त्रुटियां हो सकती हैं।

2. 7 सावधानियां

1. न्यूबॉयर कक्ष, RBC पिपेट, WBC पिपेट, कवर स्लिप और माइक्रोस्कोप को साफ और धूल मुक्त किया जाना चाहिए।
2. रक्त को पतला करने वाले द्रव मिश्रण की पहली/दो बूंदों को फेंक दें।
3. पिपेट में रक्त को ठीक 0.5 अंक तक खींचे और गणना की जाने वाली कोशिका के प्रकार के आधार पर RBC तनु द्रव WBC द्रव से सटीक रूप से तनु करें।
4. पिपेट बल्ब में हवा के बुलबुले के प्रवेश को रोकें ।
5. हाथों की हथेलियों का उपयोग करके बल्ब की सामग्री को धीरे से मिलाएं।
6. Neubauer कक्ष को अधिभारित न करें ।
7. चार्ज करते समय कोई हवा का बुलबुला कक्ष में प्रवेश न करे।
8. कोशिकाओं को दो बार गिनें नहीं।

2.8 अंत में कुछ प्रश्न

1. ''हीमोसाइटोमीटर'' शब्द को परिभाषित करें।
2. न्यूबॉयर कक्ष की ग्रिड को चित्रित करें।
3. WBC पिपेट से RBC पिपेट में अंतर कीजिए।
4. रक्त में RBC और WBC की संख्या की गणना करने का सूत्र क्या है?
5. हायम तनद्रव और Turk's तनु द्रव के रासायनिक घटकों के नाम बताइए।

रिक्त स्थान भरें :

i) रक्त कोशिकाओं की संख्या को ..... के रूप में व्यक्त किया जाता है

ii) आरबीसी गिनती के लिए तनुकरण कारक ..... है

iii) WBC गणना के लिए तनुकरण कारक ..... है

आभार

चित्र 2.1 : https%//en-wikipedia-org/wiki/Hemocytometer#/media/File% Hemocytometer_rid_100Û-jpg



प्रयोग 3

विभेदक श्वेतरक्त कोशिकाओं की गणना

प्रयोग की रूपरेखा

3.1 प्रस्तावना

संभावित अध्ययन परिणाम

3.2 सिद्धांत

3.3 आवश्यक सामग्री

3.4 कार्यविधि

3.5 परिणाम और अवलोकन

3.6 सावधानियां

3.7 अंत में कुछ प्रश्न

3.1 प्रस्तावना

जैसा कि नाम से पता चलता है, विभेदक श्वेतकोशिका गणना (DLC) मानव रक्त में प्रत्येक प्रकार की श्वेत रक्त कोशिकाओं के सापेक्ष प्रतिशत की गिनती को संदर्भित करता है। सफेद रक्त कोशिकाओं (WBC, या Leukocyte) की एक निश्चित संख्या हमारे रक्त में मौजूद होती है और यें शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली के हिस्से के रूप में कार्य करती है। विभेदक श्वेतकोशिका गणना विधि मानव रक्त में असामान्य श्वेत रक्त कोशिकाओं की पहचान करने में मदद करता है और विभिन्न सफेद रक्त कोशिकाओं के सापेक्ष अनुपात की निगरानी करता है जो विशेष बीमारियों के मामले में बदल सकता है। श्वेतकोशिका को आमतौर पर ग्रैन्यूलोसाइट्स और एग्रानुलोसाइट्स में विभाजित किया जाता है। उदासीनरागी (न्यूट्रोफिल), इयोसिनोफिल और क्षारकरागी ग्रैन्यूलोसाइट्स हैं जबकि लिम्फोसाइट्स और मोनोसाइट्स एग्रानुलोसाइट्स हैं। न्यूट्रोफिल सबसे प्रचुर मात्रा में ल्यूकोसाइट्स हैं जो कुल ल्यूकोसाइट्स का 50-70% होती हैं। ये प्रतिरक्षा कोशिकाएं शरीर को रोगजनक एजेंटों जैसे वायरस, बैक्टीरिया, कवक और परजीवी से अलग तरीके से बचाती हैं। इस अभ्यास में, आप रक्त आलेप बनाकर ल्यूकोसाइट्स की गणना और पहचाना सीखेंगे ।

एग्रेान्युलर कोशिकाओं को उनके साइटोप्लाज्म में कणिकाओं की अनुपस्थिति से ग्रैन्यूलोसाइट्स से पहचान सकते है।

संभावित अध्ययन परिणाम

इस अभ्यास को करने के बाद, आप :

- ❖ रक्त आलेप बना सकेंगे;
- ❖ श्वेतकोशिका को रंजक कर उनकों पहचान सकेंगे; और
- ❖ विभेदक श्वेतकोशिका की गणना कर पायेंगें।

3.2 सिद्धांत

यह अभ्यास हमें मानव रक्त में विभिन्न प्रकार के श्वेतकोशिका की पहचान करने और प्रत्येक प्रकार के प्रतिशत (%) वितरण का अनुमान लगाने में मदद करता है। विभेदक रक्त गणना सफेद रक्त कोशिकाओं के नाभिक और कोशिका द्रव्य के अभिरंजन होने पर आधारित होती है। केंद्रक और कोशिका द्रव्य दोनों का अभिरंजन हमें कोशिकाओं के आकारिकी और अन्य गुणों को निर्धारित करने में मदद करता है।

लीशमैन रंजक के साथ एक रक्त आलेप बनाकर उसे माइक्रोस्कोप द्वारा विभिन्न ल्यूकोसाइट्स की गणना करते हैं।

3.3 आवश्यक सामग्री

1. ग्लास स्लाइड और कवर स्लिप
2. लीशमैन अभिरंजक
3. रक्त नमूना
4. आसुत जल
5. देवदार तेल
6. ड्रॉपर या कोपलिन स्टेनिंग जार
7. कॉटन / फिल्टर पेपर
8. तैल निमज्जन सयुंक्त सूक्ष्मदर्शी

3.4 कार्यविधि

क) रक्त आलेप की तैयारी

रक्त की एक बूंद को एक कोने से लगभग 1–2 सेमी की दूरी पर एक साफ कांच की स्लाइड पर रखें (देखें व्यायाम 1.1 केशिका रक्त संग्रह)।

एक नई ग्लास स्लाइड की मदद से रक्त की बूंद पर 45° के कोण पर रखकर फैलाएं और साइड में घुमाएं। स्लाइड स्प्रेडर को मजबूती से पकड़ें और दूसरे सिरे पर एक सीधी रेखा में जाएँ (चित्र 3.1a)। रक्त स्मीयर 3–4 सेमी लंबा होना चाहिए। रक्त आलेप को सूखने के लिए रख दें।

ख) रक्त आलेप को अभिरंजन करना

1. लीशमैन रजंक सॉल्यूशन की 8-10 बूंदें रक्त आलेप पर डालें और 2-3 मिनट के लिए छोड़ दें ।
2. स्लाइड को धोने के लिए ड्रॉपर की सहायता से रजंक वाले आलेप के ऊपर आसुत जल डालें और स्लाइड को 8-10 मिनट के लिए छोड़ दें।

3. अतिरिक्त पानी को हटाएं और स्लाइड के पिछले हिस्से को फिल्टर पेपर से पोंछ लें।

4. स्लाइड को हवा में सुखाने के लिए इसे एक सीधी स्थिति में रखें (चित्र 3. 1b)।



चित्र 3.1 : a) रक्त आलेप

चित्र 3.1 : b) बिना अभिरंजन और अभिरंजन युक्त रक्त आलेपित स्लाइड।

ग) तैल निमज्जन के तहत अभिरंजन आलेप की जांच

5. अभिरंजित रक्त आलेप पर कवर स्लिप को रखें और इसे माइक्रोस्कोप की कम आवर्धक लेंस के नीचे रखें। कोशिकाओं के पैटर्न के वितरण की गिनती और अध्ययन के लिए आलेप के अच्छे हिस्से का चयन करें।

6. रक्त फिल्म पर देवदार लकड़ी के तेल की एक बूंद डालें। ध्यान से तेल–निमज्जन अभिदृश्यक लेंस निर्धारित करें और ठीक समायोजन का उपयोग करके कक्षों पर फोकस करें ।

7. बाद में स्लाइड को स्थानांतरित करके कक्षों की गणना करना प्रारंभ करें और फिर आगे और पीछे की ओर बढ़ें जब तक कि कुल 100 कक्षों की गणना न हो जाए।

8. विभिन्न ल्यूकोसाइट्स की संख्या को प्रतिशत के रूप में व्यक्त करें।

3.5 परिणाम और अवलोकन

चित्र 3.2 में विभिन्न प्रकार की ल्यूकोसाइट्स कोशिकाओं का सूक्ष्म दृश्य दिखा रहा है। चित्र 3.3 ल्यूकोसाइट्स के रूपात्मक आकार को दर्शाता है। तालिका 3.1 ल्यूकोसाइट्स के रूपात्मक आकार और प्रतिशत को सारांशित करती है।

केन्द्रक और बड़े आकार की उपस्थिति से WBC को RBC से चिन्हित किया जा सकता है। WBC की पहचान करते समय कुछ प्रमुख कारकों को ध्यान में रखें जैसे

1. कोशिकाओं का आकार

2. केन्द्रक का रंग और लोब।

3. गुलाबी या नीले रंग की उपस्थितिय महीन या मोटे साइटोप्लाज्मिक कणिकाएं

4. परमाणु/साइटोप्लाज्मिक अनुपात।



चित्र 3.2 : मानव रक्त में ल्यूकोसाइट्स का सूक्ष्म दृश्य।



चित्र 3.3 : विभेदक श्वेतकोशिका की पहचान।

तालिका 3.1 : विभेदक श्वेतकोशिका की संरचना।

श्वेत रक्त कोशिका प्रकार	वयस्कों में प्रतिशत (%)	व्यास	आकारिकी
उदासीनरागी (न्यूट्रोफिल) क्षारकरागी	40-75	10-14 µm	बहुखंडीय केन्द्रक, गुलाबी और दानेदार साइटोप्लाज्म
लिम्फोसाइट	20-50	6-9 µm	गोल केन्द्रक,
मोनोसाइट्स	2-10	12-25 µm	अंडाकार या घोड़े की नाल के आकार का केंद्रक
इयोसिनोफिल	1-6	10-14 µm	द्विखंडीय केन्द्रक, साइटोप्लाज्म में ईंट लाल–गुलाबी कणिकाएं
क्षारकरागी	0.3-1	10-14 µm	द्विखंडीय केन्द्रक, गहरे नीले बैंगनी बड़े साइटोप्लाज्मिक कणिकाएं

3.6 सावधानियां

1. बिना किसी अंतराल या धारियों के एक पतला और एक समान आलेप तैयार करें।
2. अभिरंजन से पहले रक्त आलेप को पूरी तरह से सूखा लें ।
3. आलेप पर पर्याप्त मात्रा में रंजक का घोल डालें।
4. स्लाइड को रंजित होने के लिए पर्याप्त समय दें।
5. धोते समय, सुनिश्चित करें कि रंजित रक्त आलेप स्लाइड पानी की धारा के सीधे संपर्क में नहीं होना चाहिए।
6. बार–बार गिनती से बचने के लिए कोशिकाओं को स्लाइड के एक सिरे से दूसरे सिरे तक गिनें।
7. विभिन्न प्रकार के WBC को अलग–अलग गिनें।

3.7 अंत में कुछ प्रश्न

1. ल्यूकोसाइट्स के विभिन्न प्रकारों के नाम लिखिए।

2. डीएलसी के लिए किस दाग का प्रयोग किया जाता है?

3. वर्णन करें कि आप विभिन्न प्रकार के ल्यूकोसाइट्स के बीच अंतर कैसे करेंगे।

चित्र आभार

चित्र 3.1b : https%//commons-wikimedia-org/wiki/File%Peripheral_blood_smear_&_nkx_vkSj_vuLVSM-jpg

चित्र 3.2 : https%//commons-wikimedia-org/wiki/File%Connective_Tissue_Human_Blood_Leukocyte_Survey_¼39982281920½-jpg

चित्र 3.2 : एनाटॉमी एंड फिजियोलॉजी,

http%//cnÛ-org/content/col11496/1-6 https%//commons-wikimedia-org/wiki/File%1916_Leukocyte_Key-jpg



प्रयोग 4

रक्त थक्का का समय मापन

प्रयोग की रूपरेखा

4.1 प्रस्तावना

संभावित अध्ययन परिणाम

4.2 सिद्धांत

4.3 आवश्यक सामग्री

4.4 कार्यविधि

4.5 परिणाम और अवलोकन

4.6 सावधानियां

4.7 अंत में कुछ प्रश्न

4.1 प्रस्तावना

रक्त थक्का बनने का समय एक रक्त के नमूने द्वारा इन विट्रो के मानक परिस्थितियों अर्न्तगत लगने वाला स्कंदन समय है। इस परीक्षण को **प्रोथ्रोम्बिन टाइम** (पीटी) भी कहा जाता है। यह थक्का जमाने वाले कारकों, कैल्शियम आयन के स्तर और कई बीमारियों से प्रभावित होता है। इकाई 2 में चर्चा की गई रक्त स्कंदन प्रक्रिया को याद करें। प्लेटलेट, स्कंदन कारक जैसे फाइब्रिनोजेन, और विटामिन के सभी रक्त स्कंदन के निर्माण में सहायता करते हैं। रक्त स्कंदन बनने की सामान्य समय सीमा 2-8 मिनट है। मानक थक्के` बनने के समय में कोई भी परिवर्तन रक्त संरचना में परिवर्तन और रक्तस्राव विकारों और अन्य बीमारियों की घटना को दर्शाता है। केशिका ट्यूब विधि में, रक्त को कांच की टेस्ट ट्यूब में रख कर थक्के के समय को मापने के लिए 37°C पर रखा जाता है। इसलिए, इस अभ्यास में, आप केशिका ट्यूब का उपयोग करके रक्त के थक्के के समय को मापेंगे।

संभावित अध्ययन परिणाम

इस अभ्यास को करने के बाद, आप :

- ❖ केशिका ट्यूब का उपयोग करेंगे;
- ❖ रक्त के साथ एक केशिका ट्यूब भर सीखेंगे; और
- ❖ केशिका कांच ट्यूब विधि द्वारा थक्के का समय निर्धारित कर पायेंगे।

4.2 सिद्धांत

रक्त थक्का समय मापन टेस्ट केशिका ट्यूब पर आधारित विधि है। इस परीक्षण का आधार यह है कि रक्त बाहरी सतह यानी केशिका ट्यूब के संपर्क में आने पर एक थक्का बनाती है। रक्त स्कंदन में रक्त थक्का बनने की प्रक्रिया में रक्त वाहिका सिकुड़ जाती है और प्लेटलेट प्लग बनाती है।

4.3 आवश्यक सामग्री

1. विसंक्रमति सुई
2. केशिका ट्यूब
3. पट्टी और रूई
4. प्लास्टिक सिरिंज
5. 70% अल्कोहल
6. स्टॉपवॉच

4.4 कार्यविधि

1. मध्य उंगली की सिरे भाग को पर रूई 70% अल्कोहल से साफ कर इसे सूखने दीजिए।
2. उंगली में निर्जमीकृत रूधिर लेन्सेट चुभोइए।
3. रक्त की पहली बूंद को साफ पट्टी से पोछिए।
4. जैसे ही दूसरी बूंद दिखाई दे, केशिका नली के एक सिरे को रक्त की बूंद के पास पकड़ें और उसमें रक्त प्रवाहित होने दें (चित्र 4.1)। रक्त को चूसें नहीं। 4-5 केशिका नली को रक्त से भरें।
5. जैसे ही रक्त की बूंद केशिलरी ट्यूब में प्रवेश करती है, स्टॉप वाच शुरू हो जाती है।
6. प्रत्येक 30 सेकंड के बाद केशिका ट्यूब का एक छोटा सा टुकड़ा तोड़ें।
7. प्रयोग तब तक जारी रखें जब तक कि ट्यूब को तोड़ते समय थक्का न दिखाई दे।
8. उंगली चुभने और रक्त के थक्के जमने के समय के रूप में फाइब्रिन धागे की पहली उपस्थिति के बीच का समय अंतराल रिकॉर्ड करें।
9. टूटी केशिका ट्यूबों को कंटेनर में डाले।



चित्र 4.1 : रक्त थक्का बनने की विधि का योजनाबद्ध दृश्य। पहला चरण केशिका को रक्त से भरना है और दूसरा हर 30 सेकंड में केशिका **(capillary)** को तोड़ना है जब तक कि एक फाइब्रिन धागा दिखाई न दे।

4.5 परिणाम और अवलोकन

अपनी व्यावहारिक नोटबुक में रक्त के थक्के जमने के समय को देखें और रिकॉर्ड करें। अलग–अलग व्यक्तियों के बीच सामान्य थक्के का समय अलग–अलग होगा। 37°C पर अपेक्षित सीमा 5-10 मिनट है और कमरे के तापमान पर लंबी हो सकती है।

4.6 सावधानियां

1. रक्त एकत्र करने के लिए विसंक्रमति केशिका ट्यूब का प्रयोग करें।
2. केशिका टूटने के समय अंतराल के साथ–साथ थक्का दिखाई देने तक के समय को सावधानीपूर्वक अवलोकन करें।
3. टूटी हुई केशिका ट्यूब को कंटेनर में फेंकना न भूलें।

4.7 अंत में कुछ प्रश्न

1. प्रोथ्रोम्बिन समय क्या है?
2. रक्त थक्के परीक्षण के लिए आवश्यक सामग्री की सूची बनाएं?
3. रक्त के उन प्रमुख घटकों के नाम लिखिए जो रक्त के थक्के के निर्माण में योगदान करते हैं।



प्रयोग 5

रक्त में हीमोग्लोबिन मात्रा का निर्धारण

प्रयोग की रूपरेखा

5.1 प्रस्तावना

संभावित अध्ययन परिणाम

5.2 सिद्धांत

5.3 आवश्यक सामग्री

5.4 कार्यविधि

5.5 परिणाम और अवलोकन

5.6 सावधानियां

5.7 अंत में कुछ प्रश्न

5.1 प्रस्तावना

हीमोग्लोबिन (Hb) श्वसन वर्णक है जो पूरे शरीर में ऑक्सीजन पहुंचाता है और रक्त को लाल रंग देता है। इसमें ग्लोबिन और हीम होते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति में इसकी मात्रा स्थिर रहती है और पुरुषों में 14-18g/dL और महिलाओं में 12-16g/dL पाई जाती है। 1 ग्राम Hb 1.34 mL तक ऑक्सीजन धारण और ले जा सकता है। इस सामान्य सीमा से कम एचबी की सांद्रता एनीमिया का कारण बनती है, जबकि रक्त में एचबी का बढ़ा हुआ स्तर पॉलीसिथेमिया का कारण बनता है। इसलिए, मानव में एनीमिया का पता लगाने के लिए रक्त रक्त में एचबी स्तर का निर्धारण एक महत्वपूर्ण परीक्षण है। **सहली** हीमोग्लोबिनोमीटर विधि का उपयोग आमतौर पर मानव रक्त में Hb मात्रा का निर्धारण के लिए किया जाता है।

नोटः हीमोग्लोबिन की संरचना और कार्यों के विवरण के लिए इकाई 5 खंड 5.7 रेस्पिरेटरी फिजियोलॉजी देखें।

संभावित अध्ययन परिणाम

इस अभ्यास को करने के बाद, आपः

- ❖ सहली (Sahli) विधि का सिद्धांत बता सकेंगे;
- ❖ हिमोग्लोबिनोमीटर के घटकों की सूची बना सकेंगे;
- ❖ सहली (Sahli) विधि द्वारा रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा ज्ञात कर सकेगें;
- ❖ हीमोग्लोबिन की मात्रा की गणना कर सकेंगे; और
- ❖ हीमोग्लोबिन की सामान्य मात्रा और असामान्य परिणामों को जान सकेंगे।

5.2 सिद्धांत

